तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 15.0° | 36.0° |
| इंदौर | 16.0° | 36.0° |
| जबलपुर | 18.0° | 36.0° |
| ग्वालियर | 19.0° | 38.0° |
| सागर | 20.0° | 38.0 ° |

# नईदुनिया

वर्ष- 79
(भोपाल : वर्ष 41 अंक 104, पृष्ठ 12)
चैत्र, कृष्ण दशमी संवत् 2082
शुक्रवार, 13 मार्च 2026
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित




**राजधानी...** मुख्यमंत्री की नई दिल्ली यात्रा केन्द्रीय मंत्रियों ...


**खेल...** जसप्रीत बुमराह बोलेः बैक टू बैक टी20 विश्व कप...


**व्यापार...** फरवरी में खुदरा महंगाई 3.21 प्रतिशत, खाने-...


**देश-विदेश...** माता और पिता की सैलरी ओबीसी क्रीमी...


**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर केंद्र ने लिया महत्वपूर्ण निर्णय**

# सरसों के लिए भावांतर भुगतान करने की मंजूरी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से मध्यप्रदेश के किसानों को केंद्र सरकार से कई महत्वपूर्ण मंजूरियां मिली हैं।

गुरुवार को नई दिल्ली में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर राज्य के किसानों और ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। चर्चा के दौरान कई ऐसे निर्णय लिए गए जिनसे किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है।



बैठक में सरसों की खरीदी से जुड़े विषय पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री के आग्रह पर केंद्रीय कृषि मंत्री ने भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। इसके साथ ही संबंधित विभागों को भुगतान प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। इस निर्णय से प्रदेश के सरसों उत्पादक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री को तुअर यानी अरहर की शत-प्रतिशत सरकारी खरीदी के लिए स्वीकृति-पत्र भी सौंपा। इस निर्णय से प्रदेश के तुअर उत्पादक किसानों की पूरी उपज का सरकारी उपार्जन सुनिश्चित होगा। इससे किसानों को बाजार में दाम कम होने का जोखिम नहीं उठाना पड़ेगा और उनकी आय में स्थिरता आएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश को दलहन और तिलहन उत्पादन का प्रमुख केंद्र बनाने पर भी जोर दिया। इस दिशा में केंद्र और राज्य की संयुक्त टीम द्वारा मूंग, उड़द, चना, तिल, सरसों और पाम तेल जैसी फसलों के लिए दीर्घकालिक रणनीति तैयार करने पर सहमति बनी। बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों के हितों की बेहतर सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया गया। केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिए कि सोयाबीन जैसी फसलों के आकलन में उपग्रह आंकड़ों के साथ खेतों में फसल कटाई परीक्षण और अन्य वैज्ञानिक विधियों का भी उपयोग किया जाए, ताकि किसानों को वास्तविक नुकसान के आधार पर मुआवजा मिल सके इसके अलावा मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और ग्राम सड़क योजना से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई।

# एलपीजी को लेकर कुछ लोग डर फैला रहे, कड़ी कार्रवाई होगीः प्रधानमंत्री

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एलपीजी को लेकर कुछ लोग जानबूझकर डर फैला रहे हैं और इससे फायदा उठाना चाहते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और आम लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

प्रधानमंत्री ने यह बात गुरुवार को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित समिट में कही।



## आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम

प्रधानमंत्री ने केरल के एर्नाकुलम में विकास परियोजनाओं के शुभारंभ के दौरान कहा कि आधुनिक आधारभूत ढांचे पर हो रहे निवेश के लिए दुनिया भारत की सराहना कर रही है। रेल स्टेशनों के आधुनिकीकरण और रेल सेवा विस्तार से क्षेत्र को लाभ मिलेगा।

**14 मार्च को पश्चिम बंगाल दौरे पर :** प्रधानमंत्री 14 मार्च को पश्चिम बंगाल के दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वह कोलकाता में लगभग 18,680 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

## खास-खबरें

### चार किलो विस्फोटक और बासी खाना मिला

**नईदुनिया ब्यूरो, पुंछः** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में भारतीय सेना ने सर्च ऑपरेशन के दौरान एक गुफा में लगभग 4 किलोग्राम विस्फोटक और बासी भोजन बरामद किया। यह कार्रवाई 11 मार्च को शाम 4 :45 बजे की गई। सेना का कहना है कि गुफा आतंकियों का संभावित ठिकाना थी। बरामद विस्फोटक को मौके पर ही नष्ट किया जा रहा है।

### आप की 22 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी

**नईदुनिया ब्यूरो, केरलः** आम आदमी पार्टी ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए 22 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। पार्टी ने कहा कि उम्मीदवारों का चयन राज्य में संगठन के विस्तार और चुनावी रणनीति को ध्यान में रखते हुए किया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव तंत्र पूरी तरह तैयार होने का भरोसा जताया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुचारु बताया।

### जम्मू सीमा पर ड्रोन से आठ करोड़ की हेरोइन गिराई

**नईदुनिया ब्यूरो, जम्मूः** जम्मू सीमा के पास सिक्योरिटी फोर्स ने 1.5 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। इसकी कीमत लगभग ?8 करोड़ बताई गई है। ड्रग्स बिश्नाह इलाके के बहादुरपुरा गांव में एक स्थानीय व्यक्ति ने खेत में संदिग्ध बैग देखा। प्रारंभिक जांच से पता चला कि यह पाकिस्तानी ड्रोन से गिराया गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

**रोज लगभग 50 लाख सिलेंडर की आपूर्ति, व्यवस्था कर रही सरकार**

# घबराकर पैनिक बुकिंग नहीं करें स्टॉक है, सबको मिलेगी गैस

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने देश में कच्चे तेल और रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि भारत अपनी आवश्यकता की लगभग 60 प्रतिशत द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस का आयात करता है। इसमें से करीब 90 प्रतिशत आपूर्ति होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आती है। सरकार ने कहा कि गैस और ईंधन की आपूर्ति बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। लोग पैनिक घबराकर बुकिंग रहीं करें, इतना स्टॉक है कि सामान्य आपूर्ति जारी रहेगी।



विदेश मंत्रालय, पोत परिवहन मंत्रालय, पेट्रोलियम मंत्रालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अधिकारियों ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की उपलब्धता संतोषजनक है। भारत प्रतिदिन लगभग 55 लाख बैरल कच्चे तेल का उपयोग करता है और विश्व के प्रमुख परिशोधन देशों में शामिल होने के कारण पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता पर भरोसा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि नौ मार्च को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत सभी परिशोधन इकाइयों को रसोई गैस का उत्पादन अधिकतम करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद घरेलू उत्पादन में वृद्धि हुई है और यह लगभग 25 प्रतिशत से बढ़कर 28 प्रतिशत तक पहुंच गया है। देश में प्रतिदिन लगभग 50 लाख गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जाती है, लेकिन हाल के दिनों में घबराहट के कारण सिलेंडर बुकिंग में कई गुना वृद्धि देखी गई है। सरकार ने नागरिकों से अनावश्यक बुकिंग से बचने की अपील की है। केंद्र ने राज्य सरकारों से कहा है कि जरूरतमंद लाभार्थियों की सूची तैयार की जाए, ताकि घरेलू और वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही देशभर में लगभग एक लाख खुदरा ईंधन केंद्र संचालित हो रहे हैं और कहीं भी ईंधन की कमी की स्थिति सामने नहीं आई है। पोत परिवहन मंत्रालय के अधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में फिलहाल 28 भारतीय जहाज मौजूद हैं, जिन पर कुल 778 भारतीय नाविक सवार हैं।

(शेष पेज 10 पर)

### देश में रसोई गैस की कोई कमी नहीं: पुरी

**नई दिल्ली :** लोकसभा में गुरुवार को रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर सत्ता और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें टोकते हुए कहा कि जिस विषय पर उन्होंने सूचना दी है, उसी पर बोलें और अन्य मुद्दों पर बोलने के लिए अलग से सूचना दें। इस दौरान पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि देश में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष अनावश्यक नारेबाजी कर रहा है। इससे पहले सुबह संसद भवन के बाहर भी विपक्षी सांसदों ने सिलेंडर संकट को लेकर नारे लगाए और सरकार से जवाब मांगा।



### इंडक्शन चूल्हों की माँग बढ़ी

**नई दिल्ली :** देश में रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर बढ़ती चिंता के बीच आनलाइन खरीद मंचों पर इंडक्शन चूल्हों की मांग अचानक बढ़ गई है। कई ई-कॉमर्स मंचों पर यह उत्पाद समाप्त हो गया है। अमेजन, फ्लिपकार्ट और ब्लिंकिट जैसे मंचों पर स्टॉक में कमी देखी जा रही है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और गैस आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका के कारण लोग बैकअप के रूप में इंडक्शन चूल्हे खरीद रहे हैं। कार्यक्रम दोपहर लगभग दो बजे आयोजित होगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री लगभग 16,990 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 420 किलोमीटर से अधिक लंबाई वाली कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का भी उद्घाटन और आधारशिला रखेंगे। इनमें पश्चिम बंगाल और झारखंड में राष्ट्रीय राजमार्ग 19 तथा पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय राजमार्ग 114 के कुछ खंड शामिल हैं। इन परियोजनाओं से सड़क सुरक्षा में सुधार, यात्रा समय में कमी और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।



# चार बेटियों को कुएं में फेंकने के बाद मां ने लगाई फाँसी



- सागर जिले के केसली क्षेत्र में हृदयविदारक घटना
- पति के लंबे समय से दूर रहने से परेशान थी महिला

**नईदुनिया ब्यूरो, सागरः** मध्य प्रदेश के सागर जिले के केसली थाना क्षेत्र में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां एक महिला ने अपनी चार मासूम बेटियों को कुएं में फेंकने के बाद स्वयं फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और सनसनी का माहौल है।

पुलिस के अनुसार मृतक महिला की पहचान सविता बाई (28) पत्नी चंद्रभान लोधी के रूप में हुई है। मृत बच्चियों में अंशिका (7), रक्षा (5), दीक्षा (3) तथा पांच महीने की मनीषा शामिल हैं। चारों बच्चियों के शव घर से लगभग पांच सौ मीटर दूर खेत में बने करीब बीस फीट गहरे कुएं से बरामद किए गए। महिला का शव कुएं के पास एक पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला। परिजनों के अनुसार बुधवार रात परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद अलग-अलग कमरों में सो गए थे। घर में सविता के ससुर तथा उसकी नाबालिग बहन भी मौजूद थे। सुबह जब परिवार के लोग उठे तो सविता और चारों बच्चियां घर में नहीं मिलीं। काफी देर तक खोजबीन के बाद ग्रामीणों को सूचना दी गई। तलाश के दौरान खेत के पास पेड़ पर महिला का शव लटका मिला, जिसके बाद आसपास स्थित कुएं में खोजबीन की गई और बच्चियों के शव पानी में मिले।


ग्रामीणों के अनुसार परिवार का घर खेत में बना हुआ है और आसपास अधिक घर नहीं हैं। सविता की शादी लगभग नौ वर्ष पहले हुई थी और परिवार में चार बेटियां थीं। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा महिला का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है।

थाना प्रभारी लोकेश पटेल के अनुसार महिला का पति मजदूरी के लिए बाहर रहता है और लगभग एक वर्ष से घर नहीं आया था। वह जबलपुर में बस में सहायक का काम करता है तथा परिवार से कम संपर्क रखता था। पुलिस का कहना है कि पति से संपर्क न होने के कारण महिला मानसिक तनाव में थी। प्रारंभिक जांच में आशंका है कि इसी कारण उसने पहले बच्चियों को कुएं में फेंका और बाद में स्वयं फांसी लगा ली। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# फारूक अब्दुल्ला ने कहा- ऊपर वाले की कृपा से जान बची

- आरोपी को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा

**नईदुनिया ब्यूरो, श्रीनगर :** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष तथा जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि ऊपर वाले की कृपा से उनकी जान बची। उन्होंने बताया कि समारोह से निकलते समय उन्हें तेज आवाज सुनाई दी, जिसे पहले पटाखा समझा गया। बाद में पता चला कि एक व्यक्ति ने पिस्तौल से दो गोलियां चलाई थीं। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत बीच-बचाव कर हमलावर का हाथ ऊपर कर दिया, जिससे गोली उन्हें नहीं लगी। पूछताछ में हमलावर ने बताया कि वह पिछले बीस वर्षों से फारूक अब्दुल्ला की हत्या करना चाहता था। अदालत ने आरोपी को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी घटना के बाद फारूक अब्दुल्लला से फोन पर बात कर उनका हालचाल जाना।



### क्रिकेट संघ घोटाले में गैर-जमानती वारंट

जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ के 43 करोड़ रुपये के गबन मामले में पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के खिलाफ अदालत ने गैर-जमानती वारंट जारी किया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तबस्सुम ने यह आदेश उनके अदालत में उपस्थित न होने पर दिया। मामले की अगली सुनवाई 30 मार्च को होगी।

**कांग्रेस में बढ़ा तनाव एक-दूसरे को लिखे पत्र**

# थरूर व अय्यर के बीच सार्वजनिक बहस

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** कांग्रेस के नेताओं शशि थरूर और मणि शंकर अय्यर के बीच तनाव बढ़ गया है।

थरूर ने गुरुवार को अय्यर के ओपन लेटर का जवाब ओपन लेटर के माध्यम से दिया। उन्होंने कहा कि विदेश नीति पर मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन इससे किसी की नीयत या देशभक्ति पर सवाल उठाना गलत है। अय्यर ने 10 मार्च को अपने लेटर में थरूर के विदेश नीति रुख की आलोचना करते हुए पूछा था कि क्या वे नरेंद्र मोदी की कृपा पाने की कोशिश कर रहे हैं। थरूर ने अपने जवाब में कहा कि उन्होंने हमेशा अंतरराष्ट्रीय मामलों को भारत के राष्ट्रीय हित के नजरिए से देखा है। उन्होंने कहा कि भारत की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और वैश्विक प्रतिष्ठा सर्वोपरि हैं। थरूर ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत की विदेश नीति हमेशा नैतिक मूल्यों और व्यावहारिकता का संतुलन रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर निर्णय लेना जिम्मेदार स्टेटक्राफ्ट है। थरूर ने अय्यर की टिप्पणियों का जवाब देते हुए कहा कि केवल भाषण देने या दिखावे की राजनीति के लिए किसी को आरोपित करना उचित नहीं है। उन्होंने सबरीमाला, ऑपरेशन सिंदूर और भारत-विदेश संबंधी मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट किया। थरूर ने कहा कि कांग्रेस में विदेश नीति पर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन इसे गलत तरीके से प्रस्तुत करना अनुचित है। उन्होंने अय्यर के पत्र के अंत में लिखे गए 'रास्ते अलग होने' के संकेत पर कहा कि अब जवाब देना आवश्यक हो गया था।





# एचपी के दो अधिकारियों की गोली मारकर हत्या

- फर्म को ब्लैकलिस्ट करने से नाराज थे आरोपी

**नईदुनिया ब्यूरो, बदायूंः** यूपी के बदायूं जिले में हिंदुस्तान पेट्रोलियम के डीजीएम सुधीर गुप्ता (55 वर्ष) और असिस्टेंट मैनेजर सेल्स हर्षित मिश्रा (35 वर्ष) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी अजय प्रताप सिंह उर्फ रामू, जो प्लांट में पराली वेंडर था, अपनी फर्म को तीन महीने पहले ब्लैकलिस्ट किए जाने से नाराज था। उसने पहले भी जान से मारने की धमकी दी थी।

जानकारी के अनुसार, हर्षित मिश्रा ने 4 फरवरी को अजय के खिलाफ मूसाझाग थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी और सुरक्षा की मांग की थी। सुधीर गुप्ता धमकियों से इतने डर गए थे कि उन्होंने स्वेच्छा से सेवा निवृत्ति लेने का निर्णय लिया था। 31 मार्च को उन्हें चार्ज छोड़ना था, फिर भी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

घटना के दिन अजय प्रताप सिंह अपने बोलेरो वाहन में छह अन्य लोगों के साथ प्लांट पहुंचा। वाहन की जांच नहीं की गई और अजय ने ऑटोमैटिक बंदूक से सुधीर गुप्ता और हर्षित मिश्रा पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। इससे दोनों अधिकारी घटनास्थल पर ही मृत हो गए। आरोपी अजय प्रताप सिंह सैंजनी गांव के प्रधान का चाचा है और उसकी माता किरन देवी कोटेदार हैं।

**स्पेशल खबर** दो सप्ताह से हवाई हमले जारी, अमेरिकी खुफिया आकलन में कहा गया- मौजूदा नेतृत्व का देश पर पूरा नियंत्रण...

# ईरान की सत्ता अभी मजबूत, सरकार गिरने की संभावना कम

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी :** अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर लगातार दो सप्ताह से हवाई हमले किए जाने के बावजूद वहां की मौजूदा सरकार के जल्द गिरने की संभावना नहीं है।

अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में यह आकलन सामने आया है कि ईरान की नेतृत्व व्यवस्था अभी भी मजबूत है और देश की जनता तथा प्रशासनिक तंत्र पर उसका नियंत्रण बना हुआ है।

इस मामले से जुड़े तीन सूत्रों ने बताया कि कई खुफिया आकलनों में एक जैसी स्थिति सामने आई है। रिपोर्टों के अनुसार ईरान की सरकार अभी अस्थिर नहीं हुई है



और शासन तंत्र संगठित बना हुआ है। हालांकि तेल की कीमतों में वृद्धि के कारण अमेरिका पर राजनीतिक दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में संकेत मिले हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प युद्ध को जल्द समाप्त करने का निर्णय ले सकते हैं। खुफिया रिपोर्टों के अनुसार 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए शुरुआती हमलों के पहले ही दिन ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मृत्यु हो गई थी। इसके बावजूद वहां की धार्मिक नेतृत्व वाली व्यवस्था एकजुट बनी रही और सत्ता तंत्र में कोई बड़ा विघटन नहीं हुआ। इजराइल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी कहा है कि गुप्त बैठकों में यही निष्कर्ष सामने आया है कि फिलहाल ईरान की सरकार के गिरने की संभावना नहीं है। युद्ध शुरू होने के बाद अमेरिका और इजराइल ने ईरान के कई महत्वपूर्ण ठिकानों को निशाना बनाया है। इनमें वायु रक्षा प्रणाली, परमाणु कार्यक्रम से जुड़े केंद्र तथा शीर्ष नेतृत्व से जुड़े व्यक्तियों को लक्ष्य बनाया गया। इन हमलों में कई वरिष्ठ अधिकारी और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कई कमांडर मारे गए हैं। यह संगठन ईरान की एक शक्तिशाली अर्धसैनिक शक्ति माना जाता है। (शेष पेज 10 पर)